Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 24 मार्च, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-24-march-2020

विश्व क्षय रोग दिवस

प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को दुनिया भर में विश्व क्षय रोग दिवस मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को इस बीमारी के विषय में जागरूक करना और क्षय रोग की रोकथाम के लिये कदम उठाना है। वर्ष 2020 के लिये विश्व क्षय रोग दिवस का थीम 'It's Time' है। विश्व क्षय रोग दिवस को 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' (WHO) जैसे संगठनों का समर्थन भी प्राप्त है। क्षय रोग माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस नामक जीवाणु के कारण होता है, जो कि मुख्यतः फेफड़ों को प्रभावित करता है। इससे बचाव अथवा इसकी रोकथाम संभव है। यह हवा के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। आँकड़ों के अनुसार, विश्व की एक चौथाई जनसंख्या लेटेंट टीबी (Latent TB) से ग्रस्त है। लेटेंट टीबी का अर्थ है कि लोग टीबी के जीवाणु से संक्रमित तो हो जाते हैं, किंतु उन्हें यह रोग नहीं होता है और वे इसका संचरण अन्य व्यक्तियों तक नहीं कर सकते हैं। टीबी के जीवाणु से संक्रमित व्यक्ति के टीबी से ग्रसित होने की संभावना 5-15 प्रतिशत ही होती है।

COVID-19 के रोकथाम हेतु उच्चस्तरीय समिति

केंद्र सरकार ने देश में कोरोनावायरस (COVID-19) की रोकथाम के लिये नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी.के. पॉल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विशेषज्ञों की 21 सदस्यों वाली एक उच्चस्तरीय तकनीकी समिति का गठन किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक को समिति के सह-अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के महानिदेशक, दिल्ली के राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र के निदेशक, पुणे के संक्रामक रोग संस्थान के निदेशक और केरल के अतिरिक्त मुख्य सचिव को सदस्य के रूप में समिति में शामिल किया गया है। गौरतलब है कि कोरोनावायरस (COVID-19) दुनिया भर में एक वैश्विक महामारी के तौर पर तेज़ी से फैल रहा है और विश्व के तमाम क्षेत्र इसके कारण प्रभावित हुए हैं।

राज्यसभा चुनाव स्थगित

कोरोनावायरस के खतरे को देखते हुए चुनाव आयोग ने 26 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव स्थगित कर दिये हैं। उल्लेखनीय है कि आंध्र प्रदेश, गुजरात, झारखंड, मध्यप्रदेश, मणिपुर, मेघालय और राजस्थान में 18 सीटों पर चुनाव होने थे जिन्हें अगली तारीख तक के लिये स्थगित कर दिया गया है। चुनाव आयोग द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने COVID-19 को वैश्विक महामारी घोषित कर दिया गया है और देश के अधिकांश क्षेत्रों में लॉकडाउन की घोषणा कर दी गई है जिसे देखते हुए राज्यसभा चुनाव को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा कोरोनावायरस (COVID-19) के खतरे को देखते हुए लोकसभा को अनिश्चित काल के लिये स्थगित कर दिया गया है।

प्रोब-फ्री-डिटेक्शन एस्से तकनीक

(Probe-Free Detection Assay Technology)

IIT दिल्ली के वैज्ञानिकों ने कोरोनावायरस (COVID-19) जाँच के लिये सस्ती, आसान और सटीक तकनीक विकसित की है। इस तकनीक को प्रोब-फ्री-डिटेक्शन एस्से (Probe-Free Detection Assay) नाम दिया गया है। पुणे स्थित नेशनल इंस्टीटच्यूट ऑफ वायरोलॉजी (National Institute of Virology) IIT दिल्ली द्वारा विकसित इस तकनीक की प्रमाणिकता की जाँच कर रहा है। IIT दिल्ली के डायरेक्टर के अनुसार, इस तकनीक को कुसुम स्कूल ऑफ बॉयोलोजिकल साइंसेज़ की लैब में विकसित किया गया है। इस तकनीक को विकसित करने वाले समूह के मुताबिक, इसके कारण जाँच का खर्च काफी कम हो सकता है।